## बारिश से किसानों को दोहरा झटका

**श्रीगंगानगर** । जिले के जैतसर और आसपास के गांवों में शुक्रवार रात और शनिवार सुबह भारी बारिश हुई। इससे किसानों को दोहरा नुकसान सहना पड़ा। तेज हवा के कारण गेहूं की फसल खेतों में लेट गई और कटी हुई सरसों की फसल भीग गई। वहीं, बारिश रबी की फसल के लिए फायदेमंद रही।

गेहूं की 1482 और 3077 किस्में सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। तेज हवाओं के कारण ये फसलें खेतों में गिर गईं। बालियां जमीन पर बिछ गईं।

इससे फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। हालांकि, अन्य किस्मों की गेहूं की फसल सुरक्षित है। इनका उत्पादन सामान्य रहने की उम्मीद है।

किसान इंद्रजीत सिंह रंधावा के अनुसार यह बारिश रबी फसल के लिए वरदान साबित हुई है। सूरतगढ़ शाखा में पानी नहीं आ रहा था। इस कारण गेहूं की फसल को सिंचाई की जरूरत थी। बारिश ने यह कमी पूरी कर दी है। सरसों की कटी हुई फसल को भी नुकसान हुआ है। खेतों में रखी सरसों की ढेरियां बारिश से भीग गई हैं। किसानों का कहना है कि इन्हें सूखने में एक सप्ताह का समय लगेगा। सूखने के बाद ही वे इन्हें खेत से निकाल पाएंगे।

# विदेशी मेहमान भी होली के रंग में डूबे नजर आए

- नत्थूसर गेट पर टूटी तनी, हजारों रसिए उमड़े
- बीकानेर में होलिका दहन रात 11.28 बजे शुरू हुआ और रात 12.36 बजे तक चला

**बीकानेर**। बीकानेर में देर रात 11.28 बजे बाद होलिका दहन हुआ। इसके साथ ही एक-दूसरे को रंग लगाने का सिलसिला भी शुरू हो गया। पुराने शहर के परकोटे में न सिर्फ रंगों के साथ होली खेली जा रही है, बल्कि जगह-जगह सदियों पुरानी परम्पराओं का भी निर्वहन होगा। नत्थूसर गेट पर जहां तणी तोड़ने का कार्यक्रम हुआ वहीं हर्षों के चौक से हर्ष समाज का युवा दूल्हा बनकर व्यासों के घर पहुंचा।

बीकानेर में होलिका दहन रात 11.28 बजे शुरू हुआ और रात 12.36 बजे तक चला। इसी दौरान शहर में जगह-जगह होलिका दहन किया गया। बीकानेर में साले की होली, दम्माणी चौक सहित सैकड़ों जगह होलिका दहन में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्र हुए। इसी के साथ गुलाल और रंग के साथ एक दूसरे रंगने का सिलसिला भी शुरू हो गया।

बीकानेर शहर के परकोटे में होली की सबसे ज्यादा रौनक रहती है। खासकर नत्थूसर गेट से मोहता चौक तक जाने वाले करीब एक किलोमीटर के रास्ते में जगह-जगह होली के रसिये नजर आते हैं। बारह गुवाड़ चौक तो जैसे परम्पराओं को निभाने में सबसे आगे हैं। यहां चौक से निकलने वाली गैर का स्वागत किया जाता है। चौक के युवा जमकर मस्ती ले रहे हैं। इसके अलावा रत्ताणी व्यासों के चौक, सदाफते, हर्षों के चौक, मोहता चौक, मरुनायक चौक, बड़ा बाजार, आचार्यों का चौक, भट्टडों का चौक, झंवरों का चौक, साले की होली सहित पूरे क्षेत्र में होली के रसिये नजर आ रहे हैं। बारह गुवाड़ और मोहता चौक में तो खान-पान की इतनी अस्थायी दुकानें खुल गई है कि दिनभर भीड़ रहती है।

आज दोपहर में हर्ष जाति के लोग बारात के रूप में शहर के चौकों से निकला। इस दौरान एक युवक दूल्हे के रूप में तैयार हुआ। ये दूल्हा व्यास जाति के कई परिवारों के घर पहुंचा। जहां महिलाएं बाकायदा दूल्हे की तरह ही उसे पोखती (स्वागत सत्कार) नजर आई। एक जगह पोखने के बाद युवक अगले घर की तरफ बढ़ जाता है। इस दौरान व्यास जाति के लोग जगह-जगह हर्ष जाति के लोगों का स्वागत करते हैं। इस दौरान दोनों तरफ से एक-दूसरे पर होली के गीत गाए।

बीकानेर के होटल में होली खेलने की नई व्यवस्था शुरू हो गई है। इस बार शहर के कई बड़े होटल्स में होली खेलने की विशेष व्यवस्था की गई। सागर होटल में होली के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए, जहां म्युजिक डीजे के साथ लोगों ने एक दूसरे के रंग लगाए।

ज्योतिर्विद व्यास के अनुसार शुक्रवार को सुबह नौ बजकर 27 मिनट से चंद्र ग्रहण लगा। जो दोपहर तीन बजकर तीस मिनट तक रहा। भारत में चंद्र ग्रहण दिखाई नहीं दिया। इसलिए इसका सूतक काल भी भारत में मान्य नहीं है। हालांकि यूरोप में चंद्र ग्रहण का असर रहा।

बीकानेर में होली की मस्ती को लेकर पूरा शहर रंगों के साथ होली खेल रहे है होली पर्व का रंग ही कुछ ऐसा होता है की सब लोगो जाति पाती और भाषाओ को छोड़कर एक रंग में रंग जाते है। सात समंदर पार से आये विदेशी मेहमानो ने भी होली के इस रंग में डूबे नजर आए शहर के भैरव विलास में आए विदेशी महमानो भी आज होली की मस्ती में सराबोर रहे।

उन्होंने खूब रंग गुलाल लगाया और ढोल की थप पर डांस किया। वही पंजाब से आई एक युवती तो बीकानेर की होली की दीवानी हो गई। अपने साथियो और विदेशी मेहमानो के साथ होली के रंगो के साथ आनंद लिया। खूब रंग गुलाल उड़ाया और एक दूसरे को होली की शुभकामनाए दी। बीकानेर की होली अपने अलग अंदाज में मनाई जाती है।

## श्रीगंगानगर में दिनदहाड़े घर में घुसकर लूट

**श्रीगंगानगर**, जिले के विजयनगर थाने में घर में घुसकर मारपीट करने और लूटपाट करने का मामला दर्ज हुआ है। पीडित ने पुलिस को बताया कि उसकी भाभी घर में अकेली थी। इस दौरान तीन बदमाश स्विफ्ट कार से आए। इनमें हरी जाट, आयुष कौशिक और अक्षय सिंह शामिल थे। बदमाश जबरन घर में घुस गए। वे महिला से अजय वर्मा के बारे में पूछताछ करने लगे। महिला ने कहा कि वह इस बारे में कुछ नहीं जानती। इस पर बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसके जेवर छीनने लगे। शोर सुनकर पड़ोसी मांगीलाल ने घर के मालिक को फोन किया। जब पीड़ित और उसका भाई अजय वर्मा मौके पर पहुंचे, तो बदमाशों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हरी जाट ने अजय वर्मा के सिर पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद बदमाशों ने अजय की जेब से एक लाख रुपए भी छीन लिए। बीच-बचाव करने आए पीड़ित को भी बदमाशों ने लोहे की रॉड से पीटा। आसपास के लोगों के जमा होने पर तीनों बदमाश कार में बैठकर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। पीडित का कहना है कि आरोपी नशे के आदी हैं।

## सार-समाचार

### सूरतगढ़ में पुलिसकर्मियों ने खेली होली

**सूरतगढ़** । जिले में भी कुछ स्थानों पर शनिवार को वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों को लेकर पुलिसकर्मियों के होली नही मनाने की चर्चा रही। मगर सूरतगढ़ में इसके विपरीत राजियासर थाना के स्टाफ को छोड़कर अन्य पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। इस दौरान पुलिस के बड़े अधिकारी सहित विधायक भी रंगोत्सव में शामिल हुए और पुलिस कर्मियों को शुभकामनाएं दी। सूरतगढ़ सर्किल के अधीन तीन थाने आते हैं, जिनमें सूरतगढ़ सिटी, सदर और राजियासर थाने शामिल है। इनमें सिटी और सदर थाने के पुलिस कर्मियों ने सिटी थाना में संयुक्त आयोजन किया। यहां डीजे की धुन पर डीएसपी प्रतीक मील, सिटी थाना अधिकारी दिनेश सारण, सदर थाना प्रभारी रामकुमार लेघा सहित सर्किल के समस्त उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, हेड कॉन्स्टेबल, ट्रैफिक प्रभारी और कॉन्स्टेबल सहित मैस कार्मिकों ने जमकर रंग गुलाल लगाते हुए अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस बीच विधायक डूंगरराम गेदर, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया सहित कुछ कांग्रेस जन भी सिटी थाना पहुंचे और पुलिस के साथ डीजे की धुन पर ठुमके भी लगाए। विधायक ने भी पुलिस अधिकारियों को रंगोत्सव के पर्व की गुलाल लगाकर बधाई दी। पुलिस की यह होली दोपहर बाद तक भी जारी रही। उधर राजियासर थाना में पुलिसकर्मियों के वेतन विसंगति सहित अन्य मांगो को लेकर होली के बहिष्कार की बात सामने आई। पुलिस कर्मियों की ड्यूटी को लेकर विधायक डूंगर राम गेदर ने भी कहा कि पुलिस 24 घंटे ड्यूटी करती है। इन्हें भी सप्ताह में एक दिन का अवकाश मिलना चाहिए, ताकि पुलिस के जवान भी अपने परिवार और अपने बच्चों के साथ समय बिता सके। विधायक ने कहा कि इसके लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आवाज उठाई थी, राज्य सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और पुलिसकार्मिकों की जायज मांगों का जल्द समाधान निकालना चाहिए।

### विकास कार्यों का निरीक्षण

**नोखा** । जयपुर से बीकानेर के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची नरेगा आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने नोखा पंचायत समिति का दौरा किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सूरपुरा और सलूण्डिया में मनरेगा योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सूरपुरा में कार्यस्थलों पर जाकर एनएमएमएस एप से ली जा रही श्रमिकों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने श्रमिक नियोजन और कार्यों की उपयोगिता के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर मौजूद श्रमिकों से भी बातचीत की। सूरपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच और जनप्रतिनिधियों ने आयुक्त का स्वागत किया। आयुक्त ने ग्रामीणों से संवाद किया और नरेगा योजना के कार्यों की सराहना की। इसके बाद सलूण्डिया ग्राम पंचायत में भी नरेगा साइट्स का निरीक्षण किया गया। ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष रामनिवास भादू ने टारगेट बेस श्रम नियोजन को रोकने की मांग की। साथ ही, विभिन्न ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारियों और कनिष्ठ सहायकों पर की गई नियमविरुद्ध कार्रवाई को निरस्त करने की मांग रखी। आयुक्त ने नोखा विकास अधिकारी को कार्रवाई निरस्त करने के निर्देश दिए और मुख्य कार्यकारी अधिकारी से इस विषय पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरसिंह गोदारा, सहायक अभियंता सदासुख, महावीर बिश्नोई, नोखा विकास अधिकारी भोम सिंह इंदा,सहायक विकास अधिकारी राजेश व्यास, कनिष्ठ अभियंता राकेश बिश्नोई, लेखा सहायक रामसिंह, सूरपुरा सरपंच भंवरलाल सोखल, ग्राम विकास अधिकारी रामनिवास भादू, सलुण्डिया सरपंच प्रतिनिधि रामस्वरूप बिश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी रीना सोलंकी, कनिष्ठ सहायक भंवरलाल तरड़ समेत अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों का होली कार्यक्रम से किनारा

**श्रीगंगानगर**, पुलिस लाइन में होली कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने सामूहिक बहिष्कार किया। कार्यक्रम के लिए की गई सभी तैयारियां बेकार चली गईं। कुर्सियां खाली रहीं और चाय-नाश्ते का इंतजाम भी छूट गया। पुलिसकर्मियों ने गोपनीय रूप से अपनी नाराजगी के कारण बताए। उन्होंने कहा कि वेतन में असमानता बनी हुई है। विभागीय पदोन्नति (डीपीसी) भी लंबे समय से लंबित है। इन समस्याओं से उनका मनोबल गिर रहा है। साथ ही कार्यक्षमता पर भी असर पड़ रहा है। पुलिसकर्मियों का कहना है कि सरकार और पुलिस प्रशासन को उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। इन मुद्दों का जल्द समाधान होना जरूरी है। पुलिसकर्मियों ने अपनी पहचान गुप्त रखते हुए यह बातें कहीं। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने इस बहिष्कार पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हालांकि, इस घटना से जिले में चर्चा का माहौल बन गया है।

### होली स्नेह मिलन समारोह मनाया

**नोखा** । श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण विकास समिति द्वारा महर्षि गौतम भवन में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि गौतम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. सीताराम पंचारिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। समिति के कोषाध्यक्ष शक्तिराम जोशी ने 25 मार्च तक का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निणर्य लिए गए। भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया। सामाजिक कार्यों के लिए भवन किराए में छूट देने का निणर्य भी लिया गया। समिति सचिव माणकचंद पंचारिया ने विकास समिति की गतिविधियों और रखरखाव नियमों की जानकारी दी। समिति अध्यक्ष मोहनलाल पंचारिया भदवासी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चतुर्भुज पंचारिया, किशनलाल पंचारिया रोहिणा, राधेश्याम पंचारिया, मदन गोपाल तिवारी और रामेश्वर लाल उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 33 केवी फीडर पर होगा मेंटेनेंस

**नोखा** । रविवार को 3 घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। रीको 33 केवी फीडर पर सुधार कार्य के चलते सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जोधपुर बिजली वितरण निगम लिमिटेड नोखा के सहायक अभियंता प्रमोद बारूपाल ने बताया कि राणाराव (रोड़ा) और रीको जीएसएस की सप्लाई बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में रोड़ा गांव, पिंपली चौक, भूरा चौक, मालू चौक, राम चौक और लाहोटी चौक शामिल हैं। इसके अलावा जैतनगर, उगमपुरा, जेल सदर और वास्तु निकेतन कॉलोनी में भी बिजली नहीं रहेगी। द्वारिका कॉलोनी, गोविंद नगर, बीकानेर रोड, गवारिया बस्ती और नवल बस्ती भी प्रभावित होंगे। मालानी बास, कानपुरा, भूराराम की खेड़ी, राठी खेड़ी और जम्भेश्वर चौक क्षेत्र में भी बिजली कटौती रहेगी। भाटों का बास, मेघवालों का बास, तेजाजी मंदिर क्षेत्र, कृषि मंडी, बिकासर, नोखा गांव, रीको औद्योगिक क्षेत्र और कृषि फीडर्स की आपूर्ति भी तीन घंटे तक बाधित रहेगी।

### हिंदी के लिए दिखावा नहीं दिल से प्रयास करें : डॉ. मेहता

**बीकानेर** । राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, बीकानेर परिसर पर आज हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ एस सी मेहता ने कहा की हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए दिखावा नहीं दिल से प्रयास करें एवं यह तभी संभव होगा जब आप उसका दिल से सम्मान करेंगे । उन्होंने कार्यशाला में इस बात पर जोर दिया की जब तक आपका जनता से जड़ाव नहीं होगा, तब तक आपके कार्य को उचित पहचान नहीं मिलेगी । उन्होंने बताया की वह शिघ्र ही इस केंद्र की पहली राजभाषा पत्रिका का विमोचन करवाने जा रहा है जिसमें बीकानेर के तीस से अधिक साहित्यकारों के राज भाषा को बढ़ावा देने पर व्यक्त किए गए विचारों का सम्मिलित किया गया है । उन्होंने यह भी बताया की यह केंद्र समय समय पर अश्व पलकों के साथ हिंदी में कार्यक्रम करता रहता है जिससे यहाँ के शौध आम जनता तक पहुँचते हैं । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल महेंद्र सिंह ने कहा की जब तक आप जनता से संवाद स्थापित नहीं करेंगे आप के कार्यों को सिर्फ आपके विभाग के कुछ लोग ही जानेंगे, लेकिन जब आप जनता से जुड़ेंगे तो आपके कार्य एवं संस्थान के बारे में आम लोग जान पाएंगे । आज आवश्यकता है हमें अपने आपको सीमित दायरे से बाहर निकालने की । उन्होंने इस अवसर पर अपने जीवनकाल के अश्वों से सम्बंधित संस्मरण भी साझा किये । कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री प्रमोद आचार्य ने 'हिंदी के अखबारों में बढ़ता अंग्रेजी का प्रयोग, कितना उचित कितना अनुचित' विषय पर बहुत ही गंभीरता से अपने विचार रखे । उन्होंने इस अवसर पर भारतेन्दु हरिश्चंद्र एवं मीरा बाई के योगदान को विशेष रूप से उल्लेखित किया । उन्होंने बताया की हिंदी तो खुशबु की तरह है जो दिखाई दे या नहीं हर जगह फ़ैल जाती है । इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुस्तक 'यूनिक बीकाणा' के कुछ अंश भी श्रोताओं से साझा किए । आज के कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रमेश बिस्सा ने भी भाग लिया ।

## श्याम भट्टड़ और गौरी के गीतों पर झूमे लोग

**नोखा** । बीती रात होली टोली ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति दी। पीपली चौक और लाहोटी चौक के बीच आयोजित होली चंग धमाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटे।

मुख्य कलाकार श्याम भट्टड़ ने 'राजा बल के दरबार मची रे होली रे' गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। गौरी ने 'लाग्या महीना 9' समेत कई फागुन के गीत प्रस्तुत किए। सुरेंद्र चारण के अनुसार, ग्रुप के सभी गायकों ने ऐसे शानदार गीत गाए कि दर्शक नाचने पर मजबूर हो गए।

नोखा और आसपास के गांवों से महिलाएं, युवा और बुजुर्ग कार्यक्रम में शामिल हुए। सुनील भट्टड़ ने सभी पार्षदों और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ ने 'मे तो बसा मारे देश मे' गीत गाया। भाई जीवण ने 'गीगा सुजिया मेरा लाल' प्रस्तुत किया।

राहुल सोनी, राजू बोथरा, मनोज सोनी, अरुण भट्टड़, महेश सोनी और भगवान लोहिया ने अपने नृत्य से समां बांध दिया। बांसुरी वादक और हास्य कलाकार वासु पालीवाल ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब हंसाया।

मनोज राठी, ललित डागा, श्याम जोशी और दिनेश ने चंग के साथ फागुन के गीत गाए। कार्यक्रम में मांगीलाल भट्टड़, भंवर बाहेती, रामस्वरूप धारणीया समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था मुकेश सोनी, संतोष जोशी, कमल भट्टड़, आयुष भट्टड़, राधे बाहेती और मधु भट्टड़ ने संभाली।

## अरूट जी महाराज की मूर्ति स्थापना आज

**अनूपगढ** । यहां अरोडवंश समाज के प्रवर्तक श्री अरूट जी महाराज की मूर्ति स्थापना आज होगी। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सुबह 11:15 बजे श्री अरूट जी महाराज स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न होगा। मूर्ति स्थापना के बाद बत्तरा धर्मशाला में दोपहर 12:15 बजे से विशाल लंगर का आयोजन किया जाएगा। भोजन वितरण में समाज के युवा सेवा कार्य करेंगे। अरोडवंश वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक कुशाल चुचरा ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता और गौरवशाली परंपराओं को मजबूत करेगा। सोसायटी के अध्यक्ष तेजेंद्र धुआ के अनुसार यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को समाज के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण कदम है।

## बीएसएफ जवानों और ग्रामीणों ने साथ मनाया त्योहार

- भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर होली मनाई

**श्रीगंगानगर**, श्रीगंगानगर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर शनिवार को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर रंग-गुलाल खेला। सभी ने मिलकर मिठाइयां बांटी और शुभकामनाएं दीं।

रायसिंहनगर कस्बे की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया। डीजे की धुन पर नाचते हुए होली का जश्न मनाया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर मिठाइयां बांटी और शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बीएसएफ और स्थानीय समुदाय के बीच एकता को मजबूत करना था। जवानों ने कठिन ड्यूटी के बावजूद त्योहार को पूरे उत्साह से मनाया। इससे क्षेत्रीय सामूहिकता को बढ़ावा मिला।

बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार ऐसे आयोजन जवानों का मनोबल बढ़ाते हैं। इससे वे अपने परिवार और समुदाय से जुड़े महसूस करते हैं। त्योहारों के माध्यम से स्थानीय लोगों से संपर्क साधने का यह अच्छा अवसर होता है। इस तरह के कार्यक्रम न सिर्फ आपसी सौहार्द बढ़ाते हैं, बल्कि सुरक्षा बलों के प्रति स्थानीय समर्थन को भी मजबूत करते हैं।

## गणगौर पर्व की शुरुआत

**नोखा** । चैत्र कृष्ण प्रतिपदा (धूलंडी) से गणगौर पर्व की शुरुआत हो गई है। शुरू हुए इस पर्व में घर-घर ईसर और पार्वती की पूजा की जा रही है। पूजा स्थल पर महिलाएं 'भंवर म्हाने पूजन द्यो गणगौर' और 'गौर गौर गोमती ईसर पूजे पार्वती' जैसे पारंपरिक गीत गा रही हैं।

सुहागिन महिलाएं अपने पति और बच्चों की लंबी आयु तथा घर की समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रही हैं। कुंवारी कन्याएं अच्छे जीवनसाथी की कामना कर रही हैं। लखोटिया बास में आयोजित पूजन में तमन्ना, भावना, हर्षिता लखोटिया, शिवानी लाहोटी, अंबिका झंवर,छवि लखोटिया, कोमल सोनी, लक्ष्मी सोनी, प्रीति सोनी, सलोनी झंवर, पूजा बाहेती कोमल चांडक, कोमल बाहेती, ज्योति चांडक, सारिका लोहिया उपस्थित रही।

## निशुल्क बवासीर शिविर 17 को

**सूरतगढ़** । चोपड़ा धर्मशाला में महावीर इंटरनेशनल और राजस्थान सरकार का आयुर्वेद विभाग मिलकर 10 दिवसीय निशुल्क बवासीर शिविर का आयोजन करेंगे। ये शिविर 17 से 26 मार्च तक चलेगा।

रोगियों का पंजीयन और जांच 17 और 18 मार्च को होगी। पंजीयन के लिए राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में उपवैद्य चन्द्र सिंह चौधरी से संपर्क किया जा सकता है।

शिविर में बवासीर, भगंदर, फिशर और अन्य गुदा संबंधी रोगों का इलाज क्षार-सूत्र पद्धति से किया जाएगा। ये इलाज बिना चीर-फाड़ के आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। शिविर प्रभारी डॉ. जितेंद्र सिंह राठौड़ ने शनिवार को बताया कि मरीजों को आवास, दवाइयां और भोजन मुफ्त दिया जाएगा। महिला मरीजों के लिए महिला डॉक्टर और अलग वार्ड की व्यवस्था की गई है। शिविर संयोजक सोहन लाल ढाका ने स्पष्ट किया कि ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय रोग के मरीजों का ऑपरेशन नहीं किया जाएगा।

## विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया

**बीकानेर**, । विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शनिवार को संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी कार्यालय एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के वीसी रूम में कार्यक्रम।आयोजित किया गया। कार्यक्रम 'टिकाऊ जीवन शैली की ओर: एक उचित बदलाव' थीम पर हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष नरसिंह दास व्यास थे। उन्होंने कानून व समाज के परस्पर संबध को स्पष्ट करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के विभिन्न प्रावधनों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए यह अधिनियम बना है, लेकिन उपभोक्ता इस कानून का लाभ तभी प्राप्त कर सकते हैं, जब उन्हें इस कानून की जानकारी हो। उपभोक्ताओं का जागरूक होना समय की आवश्यकता है। भारत का प्रत्येक नागरिक उपभोक्ता है। धरती पर उपलब्ध प्रत्येक वस्तु उपभोक्ता कानून व उपभोक्ता आयोग के क्षेत्राधिकारी में है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण हेतु कटिबद्ध हैं। राजस्थान के उपभोक्ता मामले विभाग एवं राज्य उपभोक्ता आयोग भी उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं हितों का सजग प्रहरी है।

संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी संदीप गौड़ ने विश्व उपभोक्ता दिवस पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का संदेश पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने उपभोक्ता हितों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में लेखाधिकारी रवि पुरोहित, अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष योगेश पालीवाल, श्रेयांस बैद, अनिल सोनी एडवोकेट, मदन सुरोलिया ने भी विचार रखे। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार श्री मनीष अवस्थी नरेश प्रजापत, मुमताज शेख, कैलाश आचार्य, डॉ. किशन भाटी, मंजू गोस्वामी, सीमा रामपुरिया, मधुबाला, धनसुख आचार्य, रामकुमार व्यास, मनोज गहलोत, महावीर उपाध्याय, बद्री सुथार, अनारदीन गोरी एवं शहरी क्षेत्र के राषन डीलर एवं अन्य उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## गौर पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**बीकानेर**। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) बीकानेर शाखा के तत्वावधान में होटल वृंदावन रिजेंसी,बीकानेर में गौर पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 300 से ज़्यादा भक्तों ने चैतन्य महाप्रभु जो कि साक्षात राधा कृष्ण है, उनका प्राकट्य उत्सव मनाया। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) बीकानेर शाखा के केंद्र अधिकारी संकर्षण प्रिय दास ने बताया कि इस महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया: कुछ भक्तों ने कुछ भक्तों ने नृत्य किया, कुछ भक्तों ने चैतन्य महाप्रभु के दयालु स्वभाव पर भजन गाये। इस कार्यक्रम में दो नाटक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थी, एक नाटक में चैतन्य महाप्रभु के बाल्य लीला परदर्शित की गई, एक नाटक में महाप्रभु की अहैतुकी करुणा प्रदर्शित की गई, तथा एक नाटक में वास्तविक भक्त के लक्षण बताए गए।सभी भक्तों ने मधुर स्वर में हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे के कीर्तन से महाप्रभु का प्राकट्य दिवस मनाया।

## डीजे पर पुलिसकर्मियों-अधिकारियों का डांस

**बीकानेर** । होली के दो दिन कठिन ड्यूटी के बाद पुलिस के जवानों ने शनिवार को लाइन मैदान में जमकर होली खेली। पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर से लेकर थाने के कॉन्स्टेबल तक ने जमकर होली का लुत्फ उठाया। खुद पुलिस अधीक्षक ने अपने जवानों और अधिकारियों के साथ पारिवारिक सदस्य की तरह होली खेली।

'झूठी खाई थी कसम, जो निभाई नहीं' जैसे गानों पर भी पुलिस अधिकारी नाचते नजर आए। पुलिस अधीक्षक के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी, थानेदारों के साथ ही लाइन और थानों का स्टाफ भी नाचता झूमता नजर आया। सादी वर्दी में पुलिस अधीक्षक को आला अधिकारियों से सामान्य कॉन्स्टेबल तक ने गुलाल लगाया। औपचारिक गुलाल लगाने के बाद डीजे शुरू हुआ तो सभी थिरक उठे।

महिला पुलिस कॉन्स्टेबल और निरीक्षक भी इस दौरान पूरी होली खेलते नजर आई। इन महिला पुलिस कर्मियों ने अलग दल बनाकर डांस किया। इस अनौपचारिक कार्यक्रम में भी पुलिस के जवान पूरी तरह अनुशासित नजर आए। आला अधिकारियों की उपस्थिति में फिल्मी गानों पर डांस करते हुए भी आला अधिकारियों के आसपास होने का एहसास बना रहा। हालांकि पुलिस थानों में होली नहीं खेलकर विरोध दर्ज कराया गया। दरअसल, कॉन्स्टेबल से इंस्पेक्टर तक ने होली के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया।

पुलिस लाइन पर तो होली पर रंगत दिखाई दी लेकिन थानों में ज्यादा रौनक नहीं थी। दरअसल, पुलिस इंस्पेक्टर से कॉन्स्टेबल तक विभागीय पदोन्नति नहीं होने से नाराज है। हर साल पुलिसकर्मी होली के अगले दिन पुलिस लाइन के मैदान में ही होली खेलते हैं। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों को भी बुलाया जाता है लेकिन मुख्य रूप से पुलिस अधिकारी और जवान ही इसमें नजर आते हैं।

## विधायक समेत हजारों लोगों ने खेली होली

**सूरतगढ़** । यहां रंगों का पर्व होली (धुलंडी) हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अलसुबह से ही रंग लगाने का दौर शुरू हो गया, जो कई स्थानों पर शाम 4 बजे तक जारी रहा। पुराना बाजार में तनी तोड़ने की रस्म अदा की गई, वहीं राष्ट्रीय उत्थान रामलीला क्लब के मंच पर होली के रसिया चंग की थाप पर नाचते नजर आए।

शहर के गली-मोहल्लों में युवाओं ने जमकर मस्ती की और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। अधिकांश स्थानों पर सूखे रंगों से होली खेली गई, लेकिन कुछ जगहों पर युवा पानी वाले रंगों में भी रंगे नजर आए। कई स्थानों पर डीजे की धुन पर होली के गीतों के साथ नृत्य भी किया गया।

दोपहर में एक बारगी बादल छाने, ठंडी हवाएं चलने और हल्की बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया, लेकिन इससे युवाओं के जोश में कोई कमी नहीं आई। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं।

त्योहार को ध्यान में रखते हुए कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों को विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात किया गया। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस अधिकारी लगातार गश्त पर रहे। पुलिस के अनुसार, कुछ स्थानों पर हल्की झड़पें हुईं ।

# कलेक्टर आवास पर जमकर खेली होली

- धुलंडी के अवसर पर शुक्रवार को जिला कलेक्टर आवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया
- नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त अपर्णा गुप्ता

**बीकानेर** । धुलंडी के अवसर पर शुक्रवार को जिला कलेक्टर आवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों, पत्रकारों और स्टाफ सदस्यों को गुलाल लगाई।

इस दौरान लोक कलाकार बाबूलाल छंगाणी और उनकी टीम ने लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी। लोकेश चूरा ने पैरोडी गीत पेश किए। वहीं बसंत ओझा ने नाक से बांसुरी बजाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिला कलेक्टर ने चंग पर थाप लगाई और गीत भी गुनगुनाए। उन्होंने बीकानेर की संस्कृति और यहां के तीज त्योहारों को अत्यंत विशिष्ट बताया और कहा कि होली का त्योहार देश भर में विशेष पहचान रखता है।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, प्रशिक्षु आईएएस आवुला साईकृष्ण, जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक हरिशंकर आचार्य, विजय खत्री, जिला परिषद के आईईसी को-ऑर्डिनेटर गोपाल जोशी, मोहन सुराणा, श्याम चौधरी, पुनीत ढाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

धुलंडी के दिन एक अनोखी शादी की बारात निकली, जिसमें दूल्हा तो था, लेकिन दुल्हन नहीं ! यह अनूठी परंपरा तीन सौ साल से चली आ रही है, जिसमें हर्ष जाति का अविवाहित युवक विष्णु रूप में सजकर बारात लेकर निकलता है।

इस बार ऋषि हर्ष बने विष्णुरूपी दूल्हा मोहता चौक से बारात लेकर निकले। बैंड-बाजे की धुन पर बारातियों ने मांगलिक गीत गाए और दूल्हे का स्वागत किया। बारात शहर के 13 प्रमुख मकानों के आगे पहुंची, जहां घर की महिलाओं ने पोखने की रस्म निभाई और मांगलिक गीत गाए।इतिहास के व्याख्याता मुकेश हर्ष के अनुसार, यह परंपरा तीन शताब्दी से निभाई जा रही है। जिस रास्ते से यह बारात गुजरती है, वहां का माहौल शादी जैसा हो जाता है। शंखध्वनि, झालर की झंकार और मांगलिक गीतों के बीच यह अनोखी बारात प्रेम, सद्भाव और परंपरा का संदेश देती है।धुलंडी पर निकली इस अनूठी बारात की खास बात यही है कि दूल्हा हर साल बिना दुल्हन के लौटता है, फिर भी उल्लास और उमंग में कोई कमी नहीं होती !

दोषों को हटाने और मन में सात्त्विक उमंग, उल्लास व आनन्द का उमड़न प्रकट हो की मंगल कामना के साथ सामाजिक समरसता और एक-रूपता का प्रतीक होलिका दहन का पर्व वल्लभ गॉर्डन कॉलोनी में सामूहिक रूप से विधि विधान के साथ मनाया गया। होलिका दहन-2025 की जानकारी देते हुए आयोजन से जुड़े विवेक मित्तल ने बताया की हर वर्ष का भाँति इस वर्ष भी कॉलोनी में होली मंगलाने के लिए लकड़ियाँ और उपले सजाये गये। कॉलोनी की महिलाओं और नवविवाहिताओं ने पारम्परिक परिधान में धार्मिक रीति-रिवाज और परम्परानुसार पूजन किया। इस अवसर पर संध्या काल में शक्ति जागरण अनुष्ठान के अन्तर्गत श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ तथा हवन भी किया गया। परिवार, समाज और राष्ट्र में सुख, शान्ति, समृद्धि, शक्ति और समरसता की वृद्धि हेतु हवन में प्रज्जवलित पवित्र अग्नि से उपस्थित जनों द्वारा रात्रि 11.30 बजे मंत्रोचार के साथ आहुतियाँ अर्पित करते हुए होलिका दहन किया तथा होलिका-अग्नि की प्रदक्षिणा की तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्याम सुन्दर शर्मा, रामचन्द्र मुलू, राजूराम छींपा, एल.एन. जोशी, सूरज मुलू, विजय, महादेव देवड़ा, वरूण के साथ-साथ अन्य कॉलोनीवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## होली पर चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

**सूरतगढ़**, होली के दिन एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। घटना के समय मकान मालिक घर से बाहर था। देर शाम जब वह लौटा तो मकान के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मकान मालिक सूर्य प्रकाश गोयल ने बताया कि उसका मकान वार्ड 13 के शिवबाड़ी एरिया में स्थित है। होली के अवसर पर वह ट्रेन से अनूपगढ़ स्थित अपने ससुराल चला गया था। उसकी पत्नी सूरतगढ़ में रहकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। शाम को जब बच्चे ट्यूशन के लिए मकान के बाहर पहुंचे, तो उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ देखा। बच्चों ने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद वार्डवासियों ने सूर्य प्रकाश को घटना के बारे में सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही सूर्य प्रकाश अनूपगढ़ से तुरंत रवाना होकर शाम 7 बजे सूरतगढ़ पहुंचा। घर के मुख्य दरवाजे के अलावा अंदर कमरे का ताला भी टूटा हुआ था। वहीं, गोदरेज की अलमारी से करीब 1 लाख 15 हजार रुपये नकद, 2 सोने की अंगूठियां, 1 सोने की चेन और 2 चांदी की पायजेब सहित अन्य सामान गायब मिला। सूर्य प्रकाश ने रात करीब 8 बजे पुलिस को मामले की सूचना दी। इसके बाद सिटी पुलिस का दल मौके पर पहुंचा ।